1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये-

कार्यकुशलता का पहला अंग तो यह है कि हम अपने कार्य को यथासम्भव अच्छी तरह जानें। हममें से अधिकतर लोग कार्य उठा तो लेते हैं पर उसे अच्छी तरह जानते नहीं और न जानने का यत्न ही करते हैं। जब सफलता नहीं मिलती तो अपने को दोष न देकर दूसरों को दोष देते हैं और बार-बार कार्य बदलते हुए संताप में जीवन जीते हैं। छोटे-बड़े सभी कामों में यह देखा जाता है। हम लोगों में से अधिकतर लोग जो काम करते हैं उसमें पूरे तौर से योग्यता और निपुणता प्राप्त करने का यत्न नहीं करते। इसी से हमारा काम पूरा नहीं होता और हमारे हाथ से सब काम ~~नहीं~~ निकल जाता है। दूसरे लोग उसी काम को ज्यादा अच्छी तरह करते हैं और हम स्वयं उनके काम को अपने काम से ज्यादा पसंद करने लगते हैं। यदि हम काम के एक-एक अंग को अच्छी तरह समझें और उसमें प्रवीणता प्राप्त कर लें तो हम अपनी और अपने काल-दोनों की वृद्धि और उन्नति कर सकते हैं।

(i) कार्यकुशलता के लिए क्या आवश्यक है?

(क) कम समय में कार्य पूरा करना (ग) परिश्रमपूर्वक कार्य करना

(ख) कार्य को समझना और समय पर पूरा करना (घ) आसान काम को पहले करना

(ii) असफल होने पर लोग क्या करते हैं?

(क) कार्य को छोड़ देते हैं (ग) बहाना बनाने लगते हैं

(ख) निराश हो जाते हैं (घ) दूसरों पर दोष लगाते हैं

(iii) मनुष्य उन्नति कैसे कर सकता है?

(क) बड़े काम करके (ख) पहले छोटे और फिर बड़े कार्य करके

(ग) जल्दी-जल्दी कार्य निपटाकर (घ) समझदारी व निपुणता से कार्य करके

(iv) काम पूरा नहीं होने पर क्या होता है?

(क) हाथ से सब काम निकल जाता है (ख) हम रोने लगते हैं

(ग) संताप से जीवन जीते है (घ) दूसरे के काम को ज्यादा पसंद करते हैं

(iv) उन्नति शब्द का विलोम लिखिए-
(क) परिणति (ख) अवनति (ग) अपमान (घ) अभिमान

व्याकरण

2. निम्न शब्दों से उपसर्ग एवं प्रत्यय अलग करे :-
दरअसल, अभिनेता, गैरकानूनी, अपयश
कारीगर, लालची, जबलपुरिया, घबराहट

3. निम्न शब्दों का समास विग्रह करिये :-
यथामति, त्रिनेत्र, जीवनसाथी, दिन-रात

4. निम्न शब्दों में कारक पहचान कर नाम लिखिए :-
(i) लोगों ने चोर को पकड़ा। (ii) मामा से भजन गाया नहीं जा रहा
(iii) बॉस ने सबको उपहार बाँटे। (iv) पेड़ पर चिड़िया बैठी है।

पाठ्य पुस्तक

5. लघु उत्तरीय प्रश्न :
(i) कवि अनंत का द्वार किन्हें दिखाना चाहता है?
(ii) "मैं हर पेड़ को अपना दुश्मन समझ रहा था।"
लेखक पेड़ों को दुश्मन क्यों समझ रहा था?
(iii) वे कौन से कारण थे जिसके कारण लेखक का बस पर से भरोसा उठ गया था?
(iv) जीवन के मस्त मुसाफिरों के आने-जाने का क्या प्रभाव होता है?
(v) बदलू लेखक से किस विषय में बातें किया करता था?
(vi) वसंत के आगमन व मानव जीवन में क्या सम्बंध हो सकते है?

6. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :
(i) 'दीवानों की हस्ती' कविता में निहित संदेश स्पष्ट कीजिए।
(ii) लाख की चूड़ियाँ बनाने की प्रक्रिया का विस्तार से वर्णन कीजि
(iii) वसंत को ऋतुराज क्यों कहा जाता है?
(iv) लेखक द्वारा बस की चाल, उसकी दशा तथा गाँधीजी के आंदोलन में साम्यता दिखाना कितना उचित है?

7. पत्र लेखन
(i) पत्र कला के लेखन की महत्ता समझाते हुए अपने भाई को पत्र लिखिए
(ii) शिक्षण-शुल्क माफ करने के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए